**<u>कार्यक्रम प्रतिवेदन</u>**

# डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में स्मारिका विक्रय केन्द्र का उद्घाटन

**नई दिल्ली | 18 फ़रवरी 2026**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय , भारत सरकार के माननीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने करकमलों द्वारा द्वारा आज डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र (डीएआईसी), नई दिल्ली में स्थापित नव स्मारिका-विक्रय केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यह पहल सांस्कृतिक धरोहर के संवर्धन , सृजनात्मक उद्यमिता के प्रोत्साहन तथा शिल्पकार समुदाय को संस्थागत सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। स्मारिका-विक्रय केन्द्र भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर के सामाजिक न्याय, समता तथा संवैधानिक मूल्यों से सम्बद्ध विरासत को प्रतिबिम्बित करने वाली चयनित स्मारिकाओं, प्रकाशनों, हस्तनिर्मित उत्पादों तथा सांस्कृतिक प्रेरणा से निर्मित वस्तुओं के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु स्थापित किया गया है।



कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र के प्रांगण में स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 18 फुट ऊँची भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। यह प्रतिमा प्रख्यात शिल्पकार राम वनजी सुतार द्वारा निर्मित है, जो अपनी कलात्मक उत्कृष्टता एवं प्रेरणादायी आभा के कारण केन्द्र की विशेष पहचान है। माननीय मंत्री ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर डॉ. अम्बेडकर के विचारों—समता, न्याय और बौद्धिक जागरण—के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

पुष्पांजलि उपरान्त स्मारिका विक्रय केन्द्र का विधिवत् उद्घाटन सम्पन्न हुआ। उद्घाटन के पश्चात् माननीय मंत्री ने केन्द्र का अवलोकन किया तथा उपलब्ध सामग्री के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस विक्रय केन्द्र में डॉ. अम्बेडकर के जीवन, कृतित्व एवं संवैधानिक मूल्यों से संबंधित प्रकाशन, स्मृति-चिह्न, हस्तनिर्मित वस्तुएँ तथा सांस्कृतिक प्रेरणा से निर्मित विविध सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यह पहल सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन तथा सृजनशील समुदायों को प्रोत्साहन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



उद्घाटन अवसर पर माननीय मंत्री ने भारत की विविध कलात्मक परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी पहलें शिल्पकारों एवं सृजनशील समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करती हैं। उन्होंने इसे समावेशी विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। यह स्मारिका-विक्रय केन्द्र डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र (डीएआईसी) में आयोजित विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों में आगन्तुकों, शोधार्थियों तथा प्रतिनिधियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसके माध्यम से सामाजिक समरसता, ज्ञान-विस्तार तथा सांस्कृतिक गौरव के मूल्यों का प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। माननीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे उपक्रम न केवल महान विभूतियों के आदर्शों के प्रसार में सहायक होते हैं, अपितु शिल्पकारों एवं सृजनात्मक उद्यमों के लिए आजीविका के अवसर भी सृजित करते हैं। उन्होंने केन्द्र की इस पहल को सामाजिक समरसता एवं सशक्तिकरण के व्यापक उद्देश्य से सम्बद्ध बताया।









इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक (डीएएनएम) से भी अनेक अधिकारी एवं आगन्तुक उपस्थित रहे। विद्वतजन, शोधार्थी, कर्मचारीगण तथा आमंत्रित अतिथियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम के समापन पर उच्च अल्पाहार (High Tea) की व्यवस्था की गई, जिसमें उपस्थित अतिथियों ने आपसी संवाद एवं विचार-विमर्श किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम गरिमा, अनुशासन तथा प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस प्रकार स्मारिका विक्रय केन्द्र का उद्घाटन डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के प्रसार तथा सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण और स्मरणीय आयोजन के रूप में सम्पन्न हुआ।


**<u>Event Report</u>**

# Inauguration of Souvenir Shop at Dr. Ambedkar International Centre

**New Delhi | 18 February 2026**

The Hon’ble Minister of Social Justice and Empowerment, Government of India, **Dr. Virendra Kumar**, inaugurated the new Souvenir Shop at the Dr. Ambedkar International Centre (DAIC), New Delhi. This initiative is an important step to promote cultural heritage, support creativity, and help artisans. The Souvenir Shop has been set up to display and sell selected souvenirs, books, handmade products, and other items inspired by the life and ideas of Bharat Ratna Dr. Bhimrao Ramji Ambedkar. These items reflect his message of social justice, equality, and constitutional values.






The program started with offering flowers at the 18-feet statue of Dr. B. R. Ambedkar located in the campus of the Centre. The statue was made by famous sculptor **Ram V. Sutar**. The Hon’ble Minister offered flowers to the statue to show respect to Dr. Ambedkar and his ideas of equality, justice, and education.



After the tribute, the Souvenir Shop was formally opened. The Minister visited the shop and saw the different items displayed there. The shop includes books about Dr. Ambedkar, gift items, handmade products, and other materials related to his life and work. This initiative will help spread awareness about his thoughts and also support creative communities. In his interaction, the Hon'ble Minister said that it is important to protect and promote India's artistic traditions. He said such efforts create job opportunities for artisans and help in inclusive development and empowerment. He also said that this Souvenir Shop will attract visitors, researchers, and guests who come to the Centre for academic and cultural programs.



Senior officers from the Ministry of Social Justice and Empowerment and officials from Dr. Ambedkar National Memorial (DANM) were present at the event. Scholars, staff members, and invited guests also attended the program. At the end of the event, high tea was served. Guests interacted with each other and appreciated the new Souvenir Shop. The program ended in a respectful and positive atmosphere.